52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

शुभ दीपावली

वर्षः 52/अंक : 301 बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-12



52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

शुभ दीपावली

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष: 52/अंक : 301 | बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-2


**पाठकों के लिए सूचना**

प्रिय पाठकों,
आज के अंक के 12 पृष्ठ प्रकाशित किये जा रहे हैं, कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 12 पृष्ठ लेना न भूलें।
-व्यवस्थापक

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

इस बार की दीपावली का साक्षी होना बड़े सौभाग्य की बात है, प्रभु राम 500 वर्ष बाद भव्य मन्दिर में विराजे हैं : मोदी



आज की दीपावली आई है सदियों बाद जी.... राम जी को भी नमन है, राम मंदिर को नमन.......

# धन तेरस पर ही बाजार ने मनाई दिवाली

- बाजारों में जमकर उमड़े खरीदार, खूब हुआ बर्तन, सर्राफा, इलेक्ट्रानिक्स सामग्री का व्यापार
- त्यौहार पर सैंकड़ों की तादाद में दो पहिया और चार पहिया वाहन शोरूम्स से सड़कों पर उतरे
- चांदी के सिक्के, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों, आभूषणों की तमाम वैरायटियों ने ग्राहकों को ललचाया
- मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, खील बताशे, झाड़ू आदि की जमकर हुई खरीदारी







**मुजफ्फरनगर, 29 अक्टूबर (बु.)।** लंबे समय से ठंडे पड़े बाजार को दीपों के पंचपर्व के पहले दिन धन तेरस पर खुशियों की सौगात मिली। बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। सजे-संवरे बाजार में धन बरसा। बाजार में सर्राफा, कपड़ा, बर्तन, सजावटी सामान, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों और आटोमोबाइल सेक्टर में अच्छा कारोबार हुआ। व्यापारियों को आगे दीप पर्व की अच्छे कारोबार की उम्मीदें बंधी है। सर्राफा बाजार पर महंगाई का असर जरूर नजर आया, हालांकि लोगों ने रस्मी तौर पर ही सही अपनी जरूरत के सामानों खासकर चांदी के सिक्कों व लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की खरीदारी जमकर की। सैंकड़ों की संख्या में वाहन आज शो रूम से सड़क पर आए। धनतेरस पर जिले के बाजार जगमगा रहे थे। ऐसे में देर शाम तक बाजारों में खरीदार उमड़े। दीप पर्व के पहले त्यौहार धन तेरस पर बाजार आज गुलजार रहा। सामान चाहे जो हो, हर दुकानदार आज ग्राहकों की भीड़ के बीच व्यस्त रहा। धनतेरस पर आभूषणों के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इसी के चलते बर्तन की दुकानों पर खूब रौनक नजर आई। सर्राफा बाजार में खूब रौनक लगी हुई है। महंगाई के बावजूद सर्राफा शोरूम्स पर ग्राहक उमड़े। सोने और डायमंड के आभूषणों के खरीदार भी इनमें शामिल थे। हालांकि वहां चांदी के सिक्के और चांदी से बने नोट तथा लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की खरीदारी का जोर अधिक रहा। दुकानदारों का कहना है कि विक्टोरिया राज के चांदी के सिक्कों के साथ लक्ष्मी गणेश के चित्र वाले सिक्कों और भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग काफी ज्यादा रही। बाजार में शुद्ध चांदी के सिक्के दस ग्राम वाले 1150 रुपये में बिके। इससे अधिक वजन वाले सिक्कों की कीमत इसी के आधार पर अधिक रही। सौ ग्राम तक वजन के सिक्के और चांदी की मूर्तियां बाजार में उपलब्ध थीं। ऐसे में चांदी की मूर्तियां दो हजार रुपये से लेकर पचास हजार तक की कीमत में बिकी। धनतेरस पर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में खासी भीड़ दिखाई दी। बाजार में घर जरूरत के सामान की खरीदारी के लिए लोग उमड़े तो एलईडी, वाशिंग मशीन, ओवन और रूम हीटर जैसे तमाम सामान जमकर खरीदे गए। तमाम शो रूम्स पर देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी। मोबाइल की दुकानों पर भी युवाओं की भीड़ नए मॉडल के मोबाइल खरीदने के लिए पहुंचे। इसके चलते युवाओं का जोश भी वहां नजर आया। लोगों ने बड़ी संख्या में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की प्री बुकिंग भी करवाई थी वह आज डिलीवरी लेने पहुंचे तो शोरूम्स पर आपाधापी रही। सैंकड़ों की तादाद में वाहन आज तमाम शो रूम्स से निकल कर सड़कों पर आए तो वहां नए वाहनों की डिलीवरी को लेकर स्टाफ पूरे दिन व्यस्त नजर आया। दो पहिया वाहनों की बिक्री अधिक रही। फड बाजार में सड़क के किनारे लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और मिट्टी के दीयों की दुकानों पर भी दिनभर भीड़ रही। रोशनी के पर्व के दृष्टिगत घरों को सजाने के लिए रंग-बिरंगी झालरें और पानी वाले दीपों और बंदनवारें हर किसी की पहली पसंद रही। मां लक्ष्मी व गणेश की इलेक्ट्रानिक मूर्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दिन ाडू और खील बताशे तथा धनिया खरीदना भी शुभ माना जाता है। ऐसे में गली मुहल्ले की दुकानों तक इन वस्तुओं की जमकर खरीदारी हुई।

## 42 ग्राम सोने सहित पकड़े गए सर्राफों का सोना लेकर भागे भाईजान

**मुजफ्फरनगर, 29 अक्टूबर (बु.)।** शहर में सनसनी फैलाते हुए सर्राफा कारोबारियों का 685 ग्राम सोना लेकर फरार हुए पश्चिम बंगाल के निवासी दोनों सगे भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के पास से 42 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किए है। उन्होंने 685 ग्राम सोना लेकर भागने के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि वे सिर्फ 42 ग्राम सोना लेकर गए थे। सर्राफ कारोबारियों ने आरोपियों पर 685 ग्राम सोना लेकर जाने का आरोप लगाया था। पुलिस पिछले 11 दिन से आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि 19 अक्टूबर को सर्राफ कारोबारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने सगे कारीगर भाई शराफत व सजिद उफ मेहर अली निवासीगण कन्हाईपुर पोस्ट जागलगोली थाना नंगीपारा जिला हुगली वेस्ट बंगाल को जेवरात बनाने के लिए 685 ग्राम सोना दिया था। दोनों भाई उनका सोना लेकर फरार हो गए थे। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम गठित की गयी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को दो सगे भाइयों को गऊशाला रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों केपास से 42 ग्राम सोने के चेन, कंगन व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने सर्राफ कारोबारियों को थाने पर बुलाकर बातचीत कराई थी। उन्होने बताया कि वे 42 ग्राम सोना लेकर ही भागे थे, जबकि सर्राफा कारोबारियों ने दोनों भाइयों पर 685 ग्राम सोना ले जाने का आरोप लगाया है।


श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी



स्व. श्री कृष्ण गोपाल अग्रवाल जी
15/08/1933- 21/10/2024
"परिवार जिनका मंदिर था, स्नेह जिनकी शक्ति थी"
"परिश्रम जिनका कर्तव्य था, परमार्थ जिनकी भक्ति थी"
अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री कृष्ण गोपाल अग्रवाल जी का स्वर्गवास 21 अक्टूबर 2024 को हो गया है।
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी
शनिवार, 2 नवम्बर 2024
भोग एवं प्रसाद ......................12:30 बजे अपरान्ह
श्रद्धांजलि सभा ........................02:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ............................03:00 बजे दोपहर
-ः स्थानः-
सिल्वर लीफ
(वेदान्ता फार्म्स)
निकट वहलना चौक, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
शोकाकुल परिवारः
पुत्र- अवधेश गोपाल अग्रवाल, पुत्रवधु- नीति गोपाल
पुत्र- राजीव गोपाल अग्रवाल, पुत्रवधु- सीमा अग्रवाल
पुत्री- मृदुला गोयल, दामाद- वीरेन्द्र गोयल
पौत्र- चंदन गोपाल अग्रवाल
पौत्र- स्पंदन गोपाल अग्रवाल, पौत्रवधु- महक अग्रवाल
पौत्री- गौरी मलिक पत्नी ऋषभ मलिक
पौत्री- गीतिका गोपाल
धेवता- अनंत गोयल- वधु - नेहा गोयल
आदित्य गोयल- वधु- राधिका गोयल
प्रपौत्री- इडा एवं दिया, अन्वी एवं एलिजा
सम्पर्क सूत्र:- 9412211112, 9412211113


## आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, दीवान की हड्डी तोड़ी

### ग्रामीणों ने युवक को छुड़ाया, 27 पर मुकदमा दर्ज, पांच गिरफ्तार

- भोपा के तिस्सा गांव में वारंट को पकड़ने गयी थी पुलिस
- पॉलीथीन जलाकर प्रदूषण फैलाते युवक को दबोचा
- भीड़ ने घेरकर पुलिस पर किया हमला




**भोपा, 29 अक्टूबर (बु.)।** मामूली बात को लेकर आज तिस्सा गांव में पुलिस पर हमला कर आरोपियों को छुड़ा लिया गया। हमले में हेड कांस्टेबल के हाथ की हड्डी टूट गई। हमले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पिता पुत्रों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 27 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम जौली पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार अपने साथी पीआरडी के जवान के साथ गांव में उपचुनाव से संबंधित नोटिस तामील कराने गए थे। इस बीच गांव के कुछ लोगों ने उनसे शिकायत की कि गांव में भूमिया मंदिर के पास कुछ लोग बड़े पैमाने पर प्लास्टिक की पन्नी जला रहे हैं। प्रदूषण के चलते पूरा वातावरण दूषित हो रहा है। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। आरोप है कि जब पुलिसकर्मी ने पन्नी जला रहे लोगों से ऐसा करने से रोका तो वहां मौजूद मुस्तकीम नामक व्यक्ति ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार किया। दोनों पुलिस के जवान आरोपी युवक को पकड़ कर अपने साथ लेकर चलने लगे, तभी दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। पुलिसकर्मी के साथ मारपीट कर आरोपी मुस्तकीम को छुड़ा लिया। पुलिस ने घटना में सात नामजद व 20 अज्ञात समेत 27 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पिता-पुत्रों समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली पुलिस चौकी पर तैनात हैड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार शाम को वह विधानसभा उपचुनाव को लेकर न्यायालय के आदेश पर कुछ लोगों को नोटिस तामील कराने गांव तिस्सा गए थे। वहां ग्रामीणों की शिकायत पर उन्होंने कुछ लोगों को आग में पॉलिथिन जलाकर प्रदूषण फैलाने से रोका तो वहा मौजूद लोग पुलिस से दुर्व्यवहार करने लगे। जिसके बाद वह मुस्तकीम को लेकर चल दिए। आरोप है कि तभी पीछे से अनेक लोग आ गए तथा सद्दाम, नावेद, मुरसलीम, घसीटा, अफजाल, इकरामुदीन व फैजान आदि को बुला लिया तथा 15-20 अज्ञात महिला-पुरूषों की भीड़ ने उस पर लाठी डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा मुस्तकीम को छुड़ा लिया। घटना की सूचना पर थाने से भारी पुलिस पहुंच गया तो लोग वहां से भाग गये। प्रभारी निरीक्षक नोवेंद्र सिंह सिरोही ने बताया कि पुलिस ने अफजाल, घसीटा, महमूद, फैजान, इसरार समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, बाकि घरों से फरार हैं। बाकी आरोपियों की धरपकड में पुलिस लगी है।



## बर्तनों की दुकानों पर रही आपाधापी

**मुजफ्फरनगर, 29 अक्टूबर (बु.)।** धन तेरस पर सबसे ज्यादा मारा मारी बर्तन बाजार में नजर आई। शहर में तमाम बर्तन कारोबारी सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों से जूाते रहे और ग्राहकों को अपनी बारी के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। बाजार में बर्तनों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। धन तेरस पर सबसे ज्यादा भीड़ बर्तनों की खरीदारी के लिए रही। खरीदारी में महिलाओं की संख्या ज्यादा रही। बाजार में स्टील से बने बर्तनों की मांग ज्यादा रही। इसमें गिलास, कटोरी, थाली, प्लेट, लौटे, चम्मच और मग आदि थे। इसके साथ ही तांबे पीतल और कांसे से बने बर्तनों की मांग भी इस बार ज्यादा है। पूजा के बर्तनों व पीतल की दीपकों की खासी मांग रही। दुकानदारों का कहना है कि स्टील के बर्तनों के साथ कांसे और तांबे के गिलास खरीदे गऐ। लोगों में तांबे के बर्तनों में पानी पीने का ट्रेंड बढ़ता जा रहा है। जिसके लिए तांबे के गिलास और तांबे से बनी बोतलों की मांग बाजार में आने वाले लोगों की ओर से की गई।

## बाजारों में उमड़ी भीड़ तो जाम से जूझता रहा शहर

**मुजफ्फरनगर, 29 अक्टूबर (बु.)।** धन तेरस पर आज शहर में चारों ओर जाम का आलम रहा। भगत सिंह रोड पर तो आना जाना मुश्किल था। शिवचौक, मेरठ रोड, झांसी रानी, रुड़की रोड, टाउन हाल रोड, अंसारी रोड, अहिल्या बाई चौक के अलावा गांधी कॉलोनी और नई मंडी के बाजारों में भारी भीड़ के चलते पैदल निकलना भी दूभर रहा। नगर में आज धन तेरस पर बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी तो तमाम बाजारों में घमाघसी का आलम रहा। भगत सिंह रोड पर फड बाजार बीच सड़क में लगने के कारण आज वहां स्थिति बेकाबू रही। ऐसे में वहां वाहन तो क्या पैदल निकलना भी कम मुश्किल नहीं रहा। लोगों ने आलू मंडी या गुदड़ी बाजार के रास्तों को चुना। ऐसे ही तमाम बाजारों में भारी भीड़ के कारण वाहनों के गलियों में उतरने के कारण स्थिति भयावह रही। चार पहिया, दो पहिया और ई रिक्शाओं की रेलमपेल मुख्य सड़कों पर उतरी तो वहां घंटों जाम के हालात रहे। ऐसे ही हालत नई मंडी और गांधी कॉलोनी के बाजारों में नजर आए।

## तीन घंटा न्यायिक हिरासत में रहे सुरेश राणा, कपिल व अन्य

### नंगला मंदौड पंचायत में भड़काऊ भाषण का मामला



**मुजफ्फरनगर, 29 अक्टूबर (बु.)।** 2013 के दंगों से पहले नंगला मदौड़ में हुई पंचायत के दौरान भड़काऊ भाषण देने व निजी परिवाद मामले में वारंट जारी होने के बाद आरोपी पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्दू , राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल समेत कई भाजपा नेताओं ने कोर्ट में पेश होकर अपने वारंट रिकॉल कराए। लगभग तीन घंटे सभी भाजपा नेता न्यायिक हिरासत में रहे। उसके बाद कोर्ट ने एक-एक लाख के मुचलके पर सभी को रिहा कर दिया। कोर्ट ने सभी को रेगूलर कोर्ट में तारीख पर उपस्थित होने के आदेश दिए है। इस मामले में अगली सुनवाई 16 नवम्बर को होगी। जानसठ थाना क्षेत्र के कवाल गांव में 27 अगस्त 2013 को शाहनवाज और मलिकपुरा गांव निवासी सचिन व गौरव की हत्या के बाद 31 अगस्त को नंगला मंदौड़ में पंचायत हुई थी। इसके बाद मुजफ्फरनगर जिले में सांप्रदायिक दंगा भड़क गया था। थाना सिखेड़ा पुलिस ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान सहित 14 लोगों के खिलाफ भड़काऊ भाषण, निषेधाज्ञा उल्लंघन एवं 7 क्रिमिनल ला अमेंडमेंट एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी।। इसके बाद एसआइटी ने विवेचना कर अलग-अलग दो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। मुकदमे की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन देवेन्द्र फौजदार कर रहे हैं। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को भडकाऊ भाषण व निजी परिवाद मामले में कई नेता उपस्थित रहे। पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा समेत कई नेताओं ने अपने वारंट रिकॉल कराए। इस मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 16 नवम्बर की तिथि नियत की है। कोर्ट ने एक-एक लाख रुपए के मुचलके पर सभी को रिहा करते हुए आदेश दिए है कि सभी नियमित रुप से कोर्ट में तारीख पर उपस्थित हो। इस मामले में पेश न होने पर रविन्द्र के गैर जमानती वारंट जारी कर दिए गए हैं।

### आचार्य यति नरसिंहानंद समेत अन्य के गैर जमानती वारंट जारी



**मुजफ्फरनगर, 29 अक्टूबर (बु.)।** तत्कालीन एडीएम प्रशासन के आदेश पर निजी परिवाद भी 21 आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराया गया था। जिनमें राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित, सांसद हरेन्द्र मलिक, उमेश मलिक, साध्वी प्राची, यति नरसिंहानंद सरस्वती और कई पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद तथा पूर्व विधायक शामिल हैं। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि निजी परिवाद मामले में पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्दू, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, आचार्य यति नरसिंहानंद, अशोक कटारिया, कल्लू, योगेश, मिंटू, शिवकुमार, सचिन व रविन्द्र के कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिए है। मंगलवार को पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व सांसद कुवर भारतेन्दू, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, साध्वी प्राची, श्यामपाल व बिट्टू सिखेडा कोर्ट में पेश हुए है। वहीं कोर्ट ने उपस्थित न होने पर आचार्य यति नरसिंहानंद समेत अन्य के गैर जमानती वारंट जारी किए है।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


## चार दिन पहले मर चुका था बेटा, अंधे माता-पिता लगाते रहे आवाज

**हैदराबाद, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** हैदराबाद में एक बुजुर्ग दंपती चार दिन तक अपने बेटे के शव के साथ रहे। भोजन-पानी के लिए वे उसे लगातार आवाज लगाते रहे। कभी खाना मांगा तो कभी पानी देने के लिए पुकारा, मगर हर बार उनकी आवाज पर बेटे की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। आती भी कैसे क्योंकि अपने जिगर के जिस टुकड़े से वो मदद मांग रहे थे, उसकी सांसें तो चार दिन पहले ही थम चुकी थीं। माता-पिता देख नहीं सकते थे और उनको बेटे की मौत का अंदाजा नहीं था। जब बेटे का शव सड़ने लगा और घर से बदबू उठी तो पड़ोसियों ने पुलिस को फोन किया। इसके बाद जब पुलिस घर पहुंची तो हालात देखकर सब चौंक गए। हैदराबाद के नागोले पुलिस स्टेशन के अधिकारी सूर्य नायक ने बताया कि ब्लाइंड्स कॉलोनी में एक बुजुर्ग दंपती अपने 30 वर्षीय बेटे के साथ रहते थे। दोनों को दिखाई नहीं देता है तो बेटा ही सारे काम करता था। चार दिन पहले अचानक बेटे की मौत हो गई। मगर अंधे माता-पिता को इस बारे में पता नहीं चला। उन्होंने बेटे को खाने और पानी के लिए आवाजें लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। जब घर से बदबू उठी तो पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने बताया कि लगता है युवक की मौत चार-पांच दिन पहले नींद में हो गई थी। पुलिस जब घर पहुंची तो दंपती अर्ध-बेहोशी की हालत में थे। उन्हें बचाया गया और भोजन-पानी दिया गया। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शहर में रहने वाले दंपती के बड़े बेटे को इसकी सूचना दी गई। उसको माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी सौंप दी गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।




52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

शुभ दीपावली

वर्ष: 52/अंक : 301 बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये





52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

शुभ दीपावली

वर्ष: 52/अंक : 301 बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये




# अजित की बगावत-भाजपा के विरोध के बावजूद नवाब मलिक को टिकट

## महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले ही महायुति गठबंधन के सामने एक नई चुनौती, गठबंधन में रार



**मुंबइ, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले ही महायुति गठबंधन के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है, दरअसल एनसीपी (अजित पवार गुट) ने मानखुर्द शिवाजी नगर से नवाब मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि यह सीट पहले से ही भाजपा के नेता किरीट सोमैया के पास है और वे इसी सीट पर शिवसेना के सुरेश कृष्ण पाटिल को 'आधिकारिक' उम्मीदवार बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

बता दें कि आज एनसीपी अजित गुट की तरफ से नवाब मलिक को आधिकारिक उम्मीदवार बनाए जाने के कुछ देर बाद भाजपा नेता किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया और कहा कि मानखुर्द शिवाजी नगर सीट के लिए महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार सुरेश कृष्ण पाटिल (बुलेट पाटिल) हैं। किरीट सोमैया ने अपने ट्वीट में आगे लिखा, हम वोट जिहाद, आतंकवाद का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को हराने के लिए लड़ेंगे। इससे पहले नवाब मलिक ने मंगलवार को आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी (अजित पवार) उम्मीदवार के तौर पर मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद नवाब मलिक ने कहा, आज मैंने एनसीपी उम्मीदवार के तौर पर मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी पर्चा दाखिल किया था। लेकिन पार्टी ने एबी फॉर्म भेजा और हमने इसे दोपहर 2.55 बजे जमा कर दिया और अब मैं एनसीपी का आधिकारिक उम्मीदवार हूं। बता दें कि मानखुर्द-शिवाजी नगर विधानसभा सीट पर लड़ाई मुस्लिम वोटों की है क्योंकि यह सीट समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के पास है। एनसीपी नेता ने उन पर भरोसा जताने के लिए एनसीपी नेतृत्व का आभार जताया।

उन्होंने कहा, मैं अजित पवार, एनसीपी नेता और राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल और एनसीपी नेता सुनील तटकरे का बहुत आभारी हूं। उन्हें मुझ पर (चुनाव जीतने का) भरोसा है...बड़ी संख्या में मतदाता मेरा समर्थन करेंगे...मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र जीतेंगे। अणुशक्ति नगर से दो बार विधायक रह चुके नवाब मलिक ने इस महीने की शुरूआत में घोषणा की थी कि महायुति सहयोगी भाजपा के दबाव के कारण एनसीपी की तरफ से टिकट न दिए जाने के बाद वह मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। नवाब मलिक की बेटी सना मलिक एनसीपी उम्मीदवार (अजित पवार) के रूप में अणुशक्ति नगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

## हसीना की अवामी लीग पर लग सकता है प्रतिबंध

**ढाका, 29 अक्टूबर (वार्ता)।** बंगलादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग (एएल) पार्टी पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। भले ही अवामी लीग अभी अपनी राजनीतिक गतिविधियों को जारी रख सकती है, लेकिन अंतरिम सरकार द्वारा इसकी छात्र शाखा-छात्र लीग (बीसीएल) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पार्टी पर प्रतिबंध लगने की संभावना बढ़ गया है। आवामी लीग पर प्रतिबंद्ध लगाए जाने की संभावना इसलिए अधिक है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) एएल की संभावित वापसी को रोकने के लिए जमात-ए-इस्लामी का समर्थन मांग रही है। बीएनपी नेताओं ने चुनावी मतपत्र में अवामी लीग के खिलाफ एकजुट हमले का आह्वान किया है। बीएनपी का कहना है कि जमात के साथ गठबंधन में दोनों "राष्ट्र के पुनर्निर्माण" की कोशिश कर रहे हैं। बीएनपी ने दावा है कि सुश्री हसीना ने भारत में रह रही हैं , लेकिन उनके सहयोगी बंगलादेश में ही हैं और उनके खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा एएल की वापसी को रोक सकता है। सुश्री हसीना मौजूदा समय में सख्त सुरक्षा के तहत नयी दिल्ली में रह रही हैं, लेकिन एएल अपनी स्थिति फिर से स्थापित करने के लिए काम कर रही है, बावजूद इसके कि मौजूदा सेना समर्थित अंतरिम सरकार उसके रास्ते में बाधाएं खड़ी कर रही है।

डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक महफूज आलम ने उद्धृत करते हुए कहा कि जिन लोगों ने पिछले तीन चुनावों में हिस्सा लिया और संसद में अवैध रूप से आए, उन्होंने लोगों को धोखा दिया, और अंतरिम सरकार निश्चित रूप से उनकी राजनीतिक भागीदारी में बाधाएं डालेगी। उन्होंने कहा कि आप देखेंगे कि ये बाधाएं कैसे प्रभावी होंगी। इसका एक कानूनी पहलू है और इसका एक प्रशासनिक पहलू है - आप इसे जल्द ही देखेंगे। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर ये चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। इस बीच सोमवार को एएल सहित 11 दलों की राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली एक याचिका को देश के उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया।एएल पार्टी कार्यकताओं के बढ़ते उत्पीड़न ने उनके लिए काम करना मुश्किल बना दिया है, क्योंकि पार्टी पर भ्रष्टाचार, अत्याचार, अत्यधिक क्रूरता के कृत्यों में शामिल होने और देश की विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एएल बंगलादेश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है।

## धनतेरस की धूम



















## कम होंगे डीजल-पेट्रोल के दाम

### धनतेरस पर तेल कंपनियों ने दिया डीलरों को बढ़े कमीशन का तोहफा

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** धनतेरस पर तेल वितरण कंपनियों (ओएमसी) ने पेट्रोल और डीजल पंप डीलरों को बड़ी सौगात दी है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल पंप डीलरों को कमीशन बढ़ाने का फैसला किया है। नया कमीशन 30 अक्तूबर से लागू होगा। तेल कंपनियों ने कहा है कि डीलरों का कमीशन बढ़ने के बाद भी डीजल-पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ेंगे। वहीं इंडियन ऑयल ने अंतरराज्यीय माल ढुलाई को सुगम बनाया है। इससे राज्यों के भीतर विभिन्न बाजारों में पेट्रोल-डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य में कमी आएगी। इंडियन ऑयल की ओर एक्स पर पोस्ट किया गया कि लंबे समय से चल रहे मुकदमे के बाद डीलर मार्जिन में संशोधन (30 अक्टूबर 2024 से प्रभावी) करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसका डीजल-पेट्रोल के खुदरा बिक्री मूल्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इससे ग्राहक सेवा और रिटेल आउटलेट में कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ाने का संकल्प मजबूत होगा। इंडियन ऑयल ने कहा कि हम अपने साझा लक्ष्यों और दृष्टिकोण की दिशा में काम करते हुए अपने भागीदारों और उनकी टीमों की निरंतर सफलता की कामना करते हैं। तेल कंपनी ने यह भी कहा कि राष्ट्र प्रथम के मूल्य को प्रदर्शित करते हुए पूरे देश में निरंतर आधार पर किफायती पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास सफल हुआ है। इंडियन ऑयल ने माल ढुलाई के अंतरराज्यीय युक्तिकरण का कार्य किया है। इससे राज्य के भीतर विभिन्न बाजारों में उत्पाद की खुदरा बिक्री मूल्य में भिन्नता कम होगी। यह वहां प्रभावी नहीं होगा, जहां आचार संहिता लागू है।

## चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव में अनियमितता के कांग्रेस के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव में किसी भी तरह की अनियमितता के कांग्रेस के आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताकर खारिज कर दिया है। आयोग ने कांग्रेस पार्टी को चुनाव दर चुनाव निराधार आरोपों से दूर रहने के लिए भी लिखा है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने बीते एक साल के पांच ऐसे विशिष्ट मामलों का हवाला भी दिया है। आयोग ने इन मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को बिना किसी सबूत के चुनावी कार्यों पर आदतन हमलों से बचना चाहिये। चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी को लिखे गए पत्र में 'सामान्य' संदेह का दावा कर हवा बनाने का आरोप लगाया और कांग्रेस से इस तरह की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। साथ ही आयोग ने कांग्रेस से आग्रह किया कि मतदान और मतगणना के दिनों जैसे संवेदनशील समय पर गैर-जिम्मेदाराना आरोप सार्वजनिक अशांति और अराजकता का कारण बन सकते हैं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पूर्वी लद्दाख सेक्टर के देपसांग और डेमचोक इलाकों में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। भारत और चीन की सेनाएं एक-दूसरे की तरफ से वहां से अपनी-अपनी जगह खाली करने और बुनियादी ढांचे को हटाने की पुष्टि कर रही हैं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों पहले शुरू की गई भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया देपसांग और डेमचोक में करीब 90 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया में दोनों पक्षों से बुनियादी ढांचे को हटाना और सैनिकों को वापस बुलाना शामिल है। इस प्रक्रिया के मंगलवार तक पूरी होने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक भारतीय सेना का लक्ष्य 29 अक्टूबर तक दोनों क्षेत्रों में डिसइंगेजमेंट को अंतिम रूप देना है, जिसके बाद समन्वित गश्त शुरू होगी। भारत इस लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने की दिशा में काम कर रहा है ताकि क्षेत्र में चीनी आक्रमण की शुरूआत से पहले अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल हो सके। वहीं कुछ दिन पहले, चीनी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि दोनों देशों के सीमावर्ती सैनिक सीमा मुद्दों पर हुए समझौते के अनुरूप प्रासंगिक काम में लगे हुए हैं। एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि यह काम सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत और चीन ने टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है, लिन जियान ने कहा, सीमा मुद्दों पर हाल के प्रस्तावों के अनुसार, चीनी और भारतीय सीमावर्ती सैनिक प्रासंगिक कार्य में लगे हुए हैं, जो वर्तमान में सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। 21 अक्टूबर को, भारत ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर गश्त करने के लिए चीन के साथ एक समझौते की घोषणा की, जिससे चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया।

### पहाड़ों की हवा जल्द कराएगी ठंड का अहसास

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** राजधानी में सुबह व शाम हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। दोपहर में भी धूप परेशान नहीं कर रही है। ऐसे में दिवाली के बाद मौसम करवट लेगा। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवा से तापमान में बड़ी गिरावट होगी। इससे रातें और सर्द होंगी। हालांकि, मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि सुबह हल्की धुंध छाई रहेगी। आने वाले दिनों में तापमान में भी कमी आने वाली है। इससे दोपहर में धूप लुभाएगी। सोमवार को सुबह से ही धूप खिली रही। दोपहर में हल्के बादल छाए रहे। शाम के समय तेज हवा चलने से हल्की ठंडक महसूस की गई।




## दूधिया गोल्टे में थूकने के बाद बेच रहा दुग्ध



**मुरादाबाद, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि दुधिया गोल्टे में थूकने के बाद दूध बेच रहा है। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है और दूध बेचने वाले के भी बयान दर्ज किए हैं। जिसमें उसने कहा कि मैं गोल्टे में झांक कर देखा है कि कितनी मात्रा में दूध है। कटघर क्षेत्र में रहने वाले दुधिया का 23 सेकेंड यह वीडियो रात नौ बजे का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि दुविधा गोल्टे से दूध निकालकर नापता है। इसी दौरान वह गोल्टे में झांकता है। इस दौरान वह कुछ हरकत करता है। उसकी यह हरकत कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें पता चला रहा है कि उसने थूका है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और दूध खरीदने वाले से पूरे मामले की जानकारी जुटाई। उसने पुलिस को बताया कि दूधिया गोल्टे में झांक कर देख रहा है कि दूध है या नहीं, जबकि जिस व्यक्ति ने वीडियो रिकार्ड किया है, उसका कहना है कि उसने दूधिया को गोल्टे में थूकते हुए देखा है। एसपी सिटी कुमार रण विजयसिंह ने बताया कि वीडियो वायरल होने पर जांच कराई गई है। दूध खरीदने वाले ने इसकी कोई शिकायत नहीं की है। अब तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## दवा सैंपल फेल: ड्रग कंट्रोलर हाईकोर्ट में तलब, सरकार को लगाई फटकार



**शिमला, 29 अक्टूबर (वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश में दवाइयों के सैंपल फेल पाए जाने पर ड्रग कंट्रोलर को राज्य उच्च न्यायालय ने तलब करने के आदेश दिए हैं। उच्च न्यायालय से नोटिस जारी होने के बाद भी राज्य में बन रही दवाओं के नमूने फेल हो रहे हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि पूरे देश से हर महीने दवाइयों के सैंपल और टेस्टिंग करने वाले सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) की जांच में राज्य में बनने वाली 25 प्रतिशत दवाइयों के सैंपल फेल हो रहे हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने सरकार को घटिया दवाइयों के मैन्युफैक्चरिंग पर कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान पूछा कि सरकार दवाइयों की गुणवत्ता बढ़ाने और मिलावट को रोकने के लिए क्या कर रही है। इस पर महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से दे देख रही है। अगर कोई कंपनी घटिया दवाइयां बेचते हुए पाई जाती है तो उस पर कार्रवाई की जा रही है और जुमार्ना लगाया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश मनिकताला ने अदालत को बताया कि हिमाचल में 670 कंपनियां दवाएं बना रही हैं। दवा निमार्ता कंपनियों को सरकार तय मानकों के आधार पर स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट और लाइसेंस जारी करती है। दवाइयां बेचने से पहले लैब में इनकी टेस्टिंग होती है। उसके बाद ही इन्हें दूसरे राज्यों में जाता है। सीडीएससीओ ने इन्हीं दवाइयों के जब सैंपल लिए तो इनमें 186 फेल पाई गई।

उच्च न्यायालय में 2023 में दायर इस जनहित याचिका पर संज्ञान लिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि जानबूझकर और मिलीभगत से दवाओं की गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। सरकार को इस पर नकेल कसनी चाहिए। कोर्ट को यह भी बताया गया कि कुछ बड़ी कंपनियों की दवाएं, टूथपेस्ट और हाल ही में हरे मटर का सैंपल भी तय मानकों पर खरा नहीं उतरा है।




## 'कैंसर के इलाज की तीन दवाओं के दाम घटाएं', सरकार का फार्मा कम्पनियों को निर्देश

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसी)।** सरकार ने दवा कंपनियों से कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन दवाओं की कीमतें कम करने के निर्देश दिए हैं। इस कदम का मकसद सीमा शुल्क छूट और माल व सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर संबंधित दवा निमार्ताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं-ट्रैस्टुजुमैब, ओसिमर्टिनिब और डवालुमैब के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम करने का निर्देश दिया है। सरकार ने यह कदम जीवनरक्षक दवाओं की किफायती कीमतों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ उठाया है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह कदम वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में की गई घोषणा के बाद उठाया गया है। बजट में तीन कैंसर-रोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने इस साल 23 जुलाई को एक अधिसूचना जारी कर तीनों दवाओं पर सीमा शुल्क को शून्य कर दिया था। मंत्रालय ने कहा, बाजार में इन दवाओं की एमआरपी में कमी आनी चाहिए और करों एवं शुल्कों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एनपीपीए ने उपरोक्त सभी दवाओं के विनिमार्ताओं को अपने एमआरपी को कम करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के अनुसार दवा विनिर्माताओं को वितरकों, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को इन तीनों दवाओं के मूल्य की सूची या पूरक मूल्य सूची देनी होगी जिसमें बदली हुई कीमत का जिक्र हो। कंपनियों को मूल्य परिवर्तन की जानकारी एनपीपीए को देनी होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 2024-25 का बजट पेश करते हुए ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डवालुमाब पर सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से घटाकर शून्य करने का प्रस्ताव रखा था।




सभी जनपदवासियों को
दीपों के पंच पर्व दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY Diwali FESTIVAL OF LIGHT
श्रीमती मुस्तरी बेगम
सभासद, नगर पंचायत, शाहपुर
सदस्य जिला योजना समिति
आदिल खान
युवा समाज सेवी
शाहपुर


दीपावली
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रमेश सैनी
पूर्व चेयरमैन, नगर पंचायत-शाहपुर


समस्त शाहपुरवासियों को
धनतेरस, दीपावली
गोवर्धन एवं भैय्या दूज की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सिराज मलिक
कांट्रेक्टर, शाहपुर


शाहपुर वासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
श्याम किशोर पंडित
अवर अभियंता
शाहपुर बिजली घर


THE SKYLAND SCHOOL
Budhana Road Shahpur
Affiliated with CBSE 10+2
THE SKYLAND School
स्काईलैंड स्कूल
की ओर से
सभी जनपदवासियों को
दीपावली
गोवर्धन एवं भैयादूज
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
राहुल गोयल
(प्रबन्धक)
मनोज गोयल
(प्रधानाचार्य)


महाराजा अग्रसेन अमर रहे
माँ कुलदेवी लक्ष्मी जी की जय
अमर शहीद राजा रतन चन्द्र की जय
वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा रजि. मुजफ्फरनगर
की ओर से सभी
जनपदवासियों को
धनतेरस
व दीपावली
गोवर्धन, भैय्यादूज
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
राजेन्द्र प्रसाद गर्ग
अध्यक्ष
शलभ गुप्ता
(एडवोकेट)
महामंत्री
विपिन गुप्ता
उपाध्यक्ष
आर. के. गोयल
कोषाध्यक्ष
पंकज राजवंशी
भवन प्रबन्धक
अमित गुप्ता एड0
संगठन मंत्री
अश्वनी सिंघल
सह सचिव
अनिता राजवंशी
पूर्व केन्द्रीय उपाध्यक्ष
अनुराधा गुप्ता
महिला सभा अध्यक्ष


आपसे मिले प्यार और विश्वास के साथ हमने बढ़ाया एक और कदम ...
अब NH-58, मेरठ रोड पर भी
दीपावली व गोवर्धन,
भैय्यादूज
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
GRAND RADIANT INN
RADIANT INN
HOTELS & VENUES
GRAND RADIANT INN
ROOMS | BANQUET | RESTAURANT
NH-58, NEAR MAHINDRA MOTORS, MUZAFFARNAGAR (U.P.)
HOTEL RADIANT INN, Bhopa Road, Opp. Grand Plaza Mall, Muzaffarnagar


शुभ दीपावली
ASHAURYA
FARM & BANQUET
ए शौर्य फार्म एण्ड बैंकेट
रुड़की रोड़, मुजफ्फरनगर, सम्पर्क सूत्र - 9897411101, 9720185291
धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन भैयादूज व गंगास्नान की
हार्दिक शुभकामनायें
शंकर स्वरूप बंसल
अभिनव स्वरूप बंसल
पीर के पीछे
शाहजी डायमण्ड
मै. शंकर स्वरुप अभिनव स्वरुप ज्वैलर्स
डायमंड | गोल्ड | सिल्वर | कुन्दन | सालिटेयर्स
भगत सिंह रोड, पीर के पीछे फोन - 9319905000, 8958050000


अध्यक्ष
अजय स्वरूप बंसल
(शाहजी ज्वैलर्स)
स्व0
शाहजी विष्णु स्वरूप जी
पूर्व विधायक (मु0नगर)
शाहजी
विष्णु स्वरूप ज्वॅलर्स
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाऐं
Wishing you a
Happy Diwali
दाल मंडी के सामने, भगत सिंह रोड, मुज़फ्फरनगर
9219532584, 9719661500


समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
समाजवादी पार्टी
सभी नगरवासियों को
दीपावली
व
गोवर्धन, भैय्यादूज
की हार्दिक शुभकामनाऐं
राकेश शर्मा
वरिष्ठ नेता, सपा
निवेदक:- महानगर कमेटी, समाजवादी पार्टी, मुजफ्फरनगर
पुष्पेन्द्र त्यागी (बॉबी) इन्द्रलोक
महानगर अध्यक्ष, सपा